

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

घमंड ना करना जिंदगी में, तकदीर बदलती रहती है, आईना वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है।

गुरुवार 04 जून 2026 बर्ष 02 अंक 145 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## बिहार में बनेंगे 11 मेगा पार्क और सभी जिलों में फूड पार्क, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने तथा निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में 11 मेगा पार्क स्थापित करने तथा सभी 38 जिलों में फूड पार्क विकसित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा कृषि आधारित उद्योगों को नई मजबूती मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास के लिए 50 हजार एकड़ भूमि का लैंड बैंक तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि बिहार को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने ग्राम स्तर पर उद्यमिता एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर विशेष फोकस करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक इकाइयों को समय पर प्रोत्साहन एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि निवेशकों का विश्वास बढ़े और राज्य में उद्योगों की स्थापना को गति मिल सके। उन्होंने बिहार में टेक्सटाइल इंडस्ट्रियल सेंटर की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जाएं तथा नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्योगों से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि निवेशकों और उद्यमियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और राज्य का औद्योगिक विकास तेज गति से आगे बढ़ सके।

## मलमास मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों के लिए विशेष बस सेवा शुरू




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 के सफल एवं सुचारु संचालन को लेकर जिला प्रशासन लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार के निर्देश पर मेला में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा की व्यवस्था की गई है। जिला परिवहन विभाग द्वारा प्रतिदिन समाहरणालय परिसर, बिहारशरीफ से रात्रि 8रू30 बजे राजगीर मेला क्षेत्र के लिए बस का संचालन किया जा रहा है। इस व्यवस्था का उद्देश्य मेला में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को समय पर कार्यस्थल तक पहुंचाना तथा उनके दायित्वों के निर्वहन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने देना है। जिला प्रशासन का मानना है कि विशेष बस सेवा से प्रतिनियुक्त कर्मियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और वे निध. ारित समय पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे। प्रशासन द्वारा मलमास मेला के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मलमास मेला में बिछड़े श्रद्धालुओं को परिवार से मिलाने में नियंत्रण कक्ष की अहम भूमिका, दिव्यांगों की भी हो रही विशेष सेवा




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में जिला प्रशासन द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। मेले के दौरान अपने परिजनों से बिछड़ जाने वाले लोगों को नियंत्रण कक्ष के माध्यम से लगातार उनके परिवारों से मिलाया जा रहा है। वहीं दिव्यांग, वृद्ध एवं असहाय श्रद्धालुओं को व्हीलचेयर के माध्यम से विशेष सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार ब्रह्मकुंड के समीप स्थापित नियंत्रण कक्ष की मदद से लखीसराय निवासी श्यामा देवी को उनके पति बूंदी साह से मिलाया गया। इसी प्रकार सुपौल जिले के लोहारा निवासी ममता देवी को उनके परिजनों योगेंद्र यादव एवं रंजना देवी से सुरक्षित मिलवा दिया गया। मेले में अपने परिवार से बिछड़ गए बाढ़ निवासी 11 वर्षीय बालक मनीष कुमार को भी नियंत्रण कक्ष के माध्यम से उसकी मां से मिलाया गया। वहीं वैशाली जिले के पहाड़पुर निवासी अजय शाह की 9 वर्षीय पुत्री अनन्या कुमारी, जो मेले में गुम हो गई थी, उसे भी प्रशासन की तत्परता से उसके पिता के सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा राजगीर मलमास मेला में आए गोलू कुमार को लगभग सात घंटे बाद ब्रह्मकुंड स्थित नियंत्रण कक्ष की सहायता से उनके परिवार वालों से मिलाया गया। वहीं भदाई निवासी सरिता देवी के बच्चों पूजा, दिवि, चूहा और लल्लू को भी उनके परिजनों से सुरक्षित मिला दिया गया।मलमास मेला के दौरान ब्रह्मकुंड क्षेत्र में आने वाले दिव्यांगजन, वृद्धजन तथा महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आपदा मित्रों द्वारा नियमित रूप से व्हीलचेयर सेवा प्रदान की जा रही है। श्रद्धालुओं को स्नान घाट एवं अन्य स्थानों तक पहुंचाने में आपदा मित्र पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सहायता के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार मुस्तैद हैं। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से खोया–पाया केंद्र का संचालन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है।

## 9 जून को नालंदा में लगेगा जॉब कैंप, 110 पदों पर होगी भर्ती




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा आगामी 9 जून को जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय परिसर, ब्लॉक कैंपस बिहारशरीफ में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी 2Coms Consultancy Pvt- Ltd. भाग लेगी। कंपनी द्वारा असेंबली लाइन ऑपरेटर एवं मशीन ऑपरेटर के कुल 110 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 17 हजार से 19 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत 11 हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नोएडा एवं बेंगलुरु में की जाएगी। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियुक्ति संबंधी सभी शर्तों एवं नियमों के लिए संबंधित कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों के साथ जॉब कैंप में पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

9931609015

# पावापुरी पुलिस की बड़ी सफलता, मोबाइल छिनतई कांड का 24 घंटे में खुलासा मुख्य आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया मोबाइल व अपाचे बाइक बरामद

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** पावापुरी थाना पुलिस ने मोबाइल छिनतई की घटना का त्वरित उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से छिनतई किया गया स्मार्ट मा.बाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मो.टरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं, घटना में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार 3 जून 2026 को नानंद निवासी राहुल कुमार अपने साइकिल से नानंद पुल के समीप जा रहे थे। इसी दौरान नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने पीछे से आकर उनके पॉकेट में रखा स्मार्ट मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीन लिया और पावापुरी चौक की ओर भाग निकले। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने पावापुरी थाना एवं डायल–112 को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ सक्रिय हो गए और इलाके की घेरा.बंदी कर अपराधियों का पीछा शुरू कर दिया। पीछा करने के दौरान जीआईपी मॉल के समीप संदिग्ध अपाचे मोटरसा.इकिल को तेज गति से भागते हुए देखा गया। भागने के क्रम में बाइक सवारों ने सड़क किनारे खड़े दो छोटे बच्चों को भी टक्कर मार दी। इसके बावजूद पुलिस ने पीछा जारी रखा और घेराबंदी कर बाइक पर पीछे बैठे एक आरोपी को पकड़ लिया।



हालांकि मोटरसाइकिल चला रहा दूसरा आरोपी खेत एवं भीड़–भाड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में अपना नाम मिथुन कुमार, पिता रूदल रविदास, निवासी धोईबिगहा, थाना अस्थावां, जिला नालंदा बताया। विधिवत तलाशी के दौरान उसके पास से छिनतई किया गया फिलिप्स कंपनी का स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल (बीआर–01ईएल–8901) को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ के दौरान मिथुन कुमार ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए फरार साथी की पहचान सोनू कुमार, निवासी महानंदपुर, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में की। इस संबंध में पीड़ित राहुल कुमार के लिखित आवेदन पर गिरियक (पावापुरी) थाना कांड संख्या 275/26 दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छिनतई किया गया फिलिप्स कंपनी का स्मार्ट मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। इस कार्रवाई में पु.अ.नि. सह थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह, पु.अ.नि. धनंजय कुमार सिंह, डायल–112 पावापुरी थाना, स.अ.नि. मो. रहमान खान एवं पावापुरी थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# 48 घंटे में लूटकांड का खुलासा, लूटी गई संपत्ति के साथ आरोपी गिरफ्तार



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट एकंगरसराय (नालंदा)।** एकंगरसराय थाना क्षेत्र में हुए लूटकांड का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके पास से लूटी गई सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 31 मई 2026 की रात करीब 11 बजे पंचमुहवा पुल के समीप दो अज्ञात अपराधियों ने एक पिकअप चालक के साथ मारपीट कर उसका वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, सोने का लॉकेट तथा पांच हजार रुपये नकद लूट लिए थे। घटना के बाद पीड़ित चालक संतोष कुमार ने एकंगरसराय थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में एकंगरसराय थाना कांड संख्या–118/26, दिनांक 1 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)–2023 की धारा 309(6) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान एवं मानवीय आसूचना के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त अपराधी मनीष कुमार (पिता– युगेश्वर प्रसाद), निवासी ग्राम शिवनगर, थाना परवलपुर, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, एक सोने का लॉकेट तथा तीन हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि बरामद मोबाइल का आईएमईआई नंबर 868452089318434 एवं 868452089318426 है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य अपराधियों की संलिप्तता की भी जांच जारी है। बरामद सामान – वीवो कंपनी का मा.बाइल फोन – एक सोने का लॉकेट – 3,000 रुपये नकद छापेमारी दल में शामिल अधिकारी पुलिस निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार (एकंगरसराय अंचल), थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक डोली कुमारी, सिपाही श्रवण कुमार, सिपाही सुनील कुमार चौधरी, चालक सिपाही राजेश कुमार तथा एकंगरसराय थाना के अन्य सशस्त्र बलों ने कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

# वज्रपात से सुरक्षा को लेकर ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित, जन–जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश


**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** वज्रपात से होने वाली जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को कम करने तथा आम लोगों में सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वज्रपात से सुरक्षा विषय पर तैयार कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन गो–टू–मीटिंग मोड के माध्यम से किया गया। बैठक में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (बीएसडीएमए) द्वारा संचालित विभिन्न जन–जागरूकता एवं सुरक्षा कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन एवं मार्गदर्शन बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के परियोजना पदाधिकारी संदीप वर्मा ने किया। अपने संबोधन में श्री वर्मा ने कहा कि बिहार में वज्रपात एक गंभीर प्राकृतिक आपदा के रूप में उभर रही है, जिससे प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है और संपत्ति का नुकसान होता है। उन्हा.ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में समयबद्ध एवं व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर वज्रपात से सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाए। साथ ही विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों, किसान समूहों तथा अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक सुरक्षा संबंधी संदेश पहुंचाया जाए।



बैठक में वज्रपात से बचाव के लिए सुरक्षित स्थानों की पहचान, जागरूकता रैलियों का आयोजन, प्रचार–प्रसार सामग्री का वितरण, सोशल मीडिया एवं स्थानीय संचार माध्यमों के उपयोग तथा आपदा मित्रों एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई।मानसून के दौरान संभावित वज्रपात की घटनाओं को देखते हुए सभी स्तरों पर सतर्कता बनाए रखने तथा आम नागरिकों तक समय पर चेतावनी संदेश पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि वज्रपात से होने वाली अधिकांश दुर्घटनाओं को समय रहते सावधानी बरतकर रोका जा सकता है। इसके लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी, स्थानीय प्रशासन की तत्परता तथा जन–जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन आवश्यक है। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार गतिविधियों का शत–प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

**वज्रपात से बचाव के लिए सावधानियां**

विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि वज्रपात के दौरान खुले मैदान, पेड़ों के नीचे, ऊंचे स्थानों तथा जलाशयों के आसपास न रहें। धातु की वस्तुओं, बिजली के उपकरणों और बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखें तथा मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लें। साथ ही लोगों को सलाह दी गई कि वज्रपात की स्थिति में पक्के एवं सुरक्षित भवन में शरण लें, बिजली उपकरणों के प्लग निकाल दें और खेतों में कार्य कर रहे हों तो तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंच जाएं। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), नालंदा, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, नालंदा–सह–प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा तथा जिला आपदा प्रबंधन शाखा के कर्मी उपस्थित रहे।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120,9931609015

# जिला मुखिया संघ ने मुखिया चंदन कुमार पर लगे आरोपों को बताया बेबुनियाद, गिरियक बीडीओ के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला मुखिया संघ ने गिरियक प्रखंड के चोरसुआ पंचायत के मुखिया सह संघ के सचिव चंदन कुमार पर लगे वित्तीय अनियमितता के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. संघ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ बिहारी सिंह ने वयान जारी कर गिरियक के प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ठाकुर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने बीडीओ पर व्यक्तिगत दुर्भावना से ग्रसित होकर टारगेट करने और सरकारी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है .

अध्यक्ष राकेश कुमार ने स्पष्ट किया कि लेबरमेट के जरिए भुगतान नियमानुकूल है . उन्होने बताया कि गिरियक प्रखंड सहित पूरे नालंदा जिले और बिहार राज्य की सभी पंचायतों व पंचायत समितियों में साल 2022 से 2024 तक मजदूरों का भुगतान लेबरमेट के माध्यम से ही किया गया है.उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पूरे बिहार की योजनाओं के भुगतान को गलत मान लिया जाए.




संघ के अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा की गिरियक के प्रखंड विकास पदाधिकारी जानबूझकर एक खास पंचायत को निशाना बना रहे हैं, जिसके पीछे उनकी मंशा और भावना पूरी तरह से गलत है.मुखिया संघ ने चेतावनी दी है कि यदि गिरियक बीडीओ अपनी इन हरकतों से बाज नहीं आते हैं, तो पूरा नालंदा जिला मुखिया संघ उनके खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा.

# सात निश्चय–3 के तहत नालंदा में 9 डिग्री कॉलेजों के संचालन की तैयारी तेज, डीएम ने की समीक्षा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय–3 (2025–30) के चतुर्थ निश्चय उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य के तहत नालंदा जिले में प्रस्तावित 9 डिग्री महाविद्यालयों के संचालन की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला पदाधिकारी श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों में डिग्री कॉलेज संचालन के लिए चिन्हित शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक निर्माण, जीर्णोद्धार एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय संचालन के लिए चयनित विद्यालय परिसरों में कक्षाओं, भवनों एवं अन्य आवश्यक सु. विधाओं का विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। जिले में डिग्री कॉलेज संचालन के लिए रहुई प्रखंड के श्री बालेश्वर सिंह +2 उच्च विद्यालय, पतासंग; नूरसराय के उच्च विद्यालय नूरसराय; बिंद के मध्य विद्यालय उत्तरथू; नगरनौसा के मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय, लोदीपुर उस्मानपुर; कतरीसराय के




टेकनारायण +2 उच्च विद्यालय, बादी; थरथरी के +2 उच्च विद्यालय पमारा, त्रिभुवन बिगहा (पीएम श्री विद्यालय); करायपरशुराय के मध्य विद्यालय मखदुमपुर; परवलपुर के मध्य विद्यालय नेहुआपर तथा सरमेरा के उच्च विद्यालय गोपालबाद, प्राणवा (पीएम श्री विद्यालय) को चिन्हित किया गया है।बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि उच्च शिक्षा की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इन सं. स्थानों में आवश्यक संसाधनों का विकास किया जाएगा। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु फर्नीचर, उपस्कर, स्टेशनरी एवं अन्य आवश्यक सामग्री यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने पर बल दिया, ताकि निर्धारित समय के भीतर महाविद्यालयों का संचालन शुरू किया जा सके और विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सु. विधा उपलब्ध हो सके। बैठक में नगर आयुक्त, प्रभारी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित प्रधानाध्यापक एवं अन्य पदाधिकारी उप. स्थित थे।

# विश्व साइकलिंग दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** राष्ट्रीय साइकलिंग दिवस का विशेष आयोजन नालंदा जिला साइकलिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गया विश्व साइकलिंग दिवस पर निकाली गई साइकिल रैली में बेन प्रखंड की प्रमुख संजू देवी., केपीएस ग्रुप के चंदन कुमार सर नालंदा जिला सा. इकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे सचिव प्रमोद कुमार संयुक्त सचिव रिंकू कुमारी,,उपाध्यक्ष रजनी कुमारी, कोच कुंदन कुमार पांडे. पंचायत समिति पूर्वी बेन सत्य प्रकाश जी सहायक थाना प्रभारी बेन बिनोद कुमार, सचदेवा क्लासेस के डायरेक्ट वरुण सर के साथ लगभग 250 बच्चे एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया विश्ब साइकिलिंग दिवस के अवशर पर अस्मिता खेलो इंडिया पूर्वी जोन का साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता तीन ग्रुप में की गई थी उम्र सीमा प्रथम ग्रुप 13 से 16द्वितीय ग्रुप 17 से 19 और तृतीय ग्रुप 19 से 21 बर्ष निर्धारित थी.. प्रथम ग्रुप की बिजेता गोल्ड,, किशु कुमारी नालंदा द्वितीय पुरस्कार सिल्वर रागिनी कुमारी, सरमेरा तृतीय पुरस्कार रजत सोनम कुमारी,, कतरीसराय विजेता रही है इसी तरह उम्र सीमा 17से 19 में प्रथम स्थान सृष्टि कुमारी गोल्ड नालंदा,,शिम्पी कुमारी सिल्वर बेन ब्लॉक और कीमत कुमारी ब्रोंज मेडल बेन ब्लॉक तीसरा और अंतिम राउंड में 19 से 21 वर्ष की विजेता टीम में मनीष कुमार को गोल्ड सिमरन कुमारी को सिल्वर अंजली कुमारी को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ.. सभी ग्रुप में लगभग 280 प्रतिभागी ने हिस्सा लिया.. ज्ञचे ग्रुप जहानाबाद के डायरेक्टर चन्दन कुमार के द्वारा सभी प्रतिभागियों को T शर्ट प्रदान किया गया सा. इकिलिंग जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्वच्छताग्राही रिंकू कुमारी. रजनी कुमारी. नीतू प्रीतम . मोनिका सिन्हा.. ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर लोगो के बीच स्वक्षता भारत, सुन्दर बिहार. सुशोभित नालंदा का सन्देश दिया.. जिला साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने अपने उसमापन भाषण में कहा कि समाज. नशा मुक्त हों यह तभी संभव होगा जब विद्यार्थी खेल में अपनी रुचि और पढ़ाई में मन लगाएंगे. अब खेलों में भी अपार संभावनाएं छुपी हुई है.. भारत सरकार की इसी योजना के तहत मेडल लाओ नौकरी पाओ के तहत बहुत सी बच्चियों को बच्चों को नौकरी भी दी गई है

# सरथा गांव के आर्यन राज ने आईआईटी में 233वां रैंक किया हासिल, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि समेत अन्य लोगों ने दी बधाई




**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** आईआईटी ने 2026 का परिणाम एक दिन पहले जारी कर दिया है। बता दें कि हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा पंचायत के सरथा गांव निवासी राजीव रंजन कुमार के पुत्र आर्यन राज ने अखिल भारतीय तकनीकी संस्थान की परीक्षा परिणाम में 233वां रैंक प्राप्त किया है। आर्यन राज की सफलता पर गांव एवं पंचायत क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सरथा पंचायत के मुखिया निर्मला देवी और प्रतिनिधि रवि शंकर कुमार सिंह ने आर्यन राज को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य के कामना की। मुखिया प्रतिनिधि रवि शंकर कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि आर्यन राज की इच्छा कम्प्यूटर साइंस में श्रेष्ठता पाने की है।ताकि इस क्षेत्र में देश को और आगे ले जा सकें। आर्यन राज ने दसवीं की परीक्षा कर्नाटक से पास की। जबकि 12वीं उसने सरस्वती इंटरनेशनल स्कूल से पास किया। उसने इस उपलब्धि के लिए अपने सारे प्रयास लगा दिये। उन्होंने बताया कि पिता व मां कुमारी करिश्मा ने कभी भी उसकी पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आने दी।









# चार माह से वेतन न मिलने से नियोजित शिक्षक भुखमरी के कगार पर – डॉ. गणेश शंकर पांडेय

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** नवनियुक्त माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर पाण्डेय ने बयान जारी कर सरकार पर शिक्षकों के प्रति गंभीर न होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों की लापरवाही के कारण सूबे के नियोजित शिक्षकों और पुस्तकालय अध्यक्षों का वेतन पिछले चार महीनों से लंबित है। इसके चलते शिक्षक परिवार गंभीर आर्थिक तंगी और भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि नीतीश सरकार के कार्यकाल में पहले कभी नियोजित शिक्षकों का वेतन इतने लंबे समय तक नहीं रुका। पहली बार सरकार की उदास. ीनता और जीओबी मद में आवंटन की कमी के कारण यह संकट पैदा हुआ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षकों के तबादले की नीति से पहले उनकी वेतन प्रणाली को दुरुस्त किया जाए, क्योंकि वेतन का सीधा संबंध पेट से है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में तुरंत सार्थक हस्तक्षेप करने और बकाया वेतन का यथाशीघ्र भुगतान कराने का विनम्र अनुरोध किया है। डॉ. पाण्डेय ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही वेतन जारी नहीं किया तो राज्य के शिक्षक विद्यालयों को छोड़कर सड़कों पर आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# चोरी की घटना के 19 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक नहीं मिल सका कोई सुराग, ग्रामीण परेशान

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजगीर(नालंदा)।** छबिलापुर थाना क्षेत्र के मोरा गांव में सुधांशु कुमार उर्फ मंटू के घर में हुई चोरी के 19 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी। इस कारण गांव में डर का माहौल बना हुआ है। लोग डर के साये में जीने को विवश हैं। मोरा गांव के किशोरी प्रसाद के पुत्र सुधांशु कुमार के घर में 15 मई की रात को चा. `रों ने घर का ताला तोड़कर करीबन साढ़े तीन लाख रुपये के आभूषण, बर्त्तन सहित अन्य सामान चुरा ले गये थे। पीड़ित सुधांशु कुमार व उनका परिवार अपने पिता किशोरी प्रसाद के इलाज के लिए पटना गये हुए थे। जब वे 16 मई को वापस अपने घर आये तो पाया कि उनके घर का ताला टूटा है और सारे कमरों के अलावा गोदरेज का भी ताला टूटा था। सारे सामान बिखरे पड़े थे। वहीं चोरों ने सभी बेशकीमती आभूषण, बर्त्तन व नगद गायब थे। उसके बाद उन्होंने थाना को सूचना दी और चोरी की लिखित आवेदन दी। घटना के तीसरे दिन फोरेंसिक जांच की टीम आयी थी और घर व सामानों की जांच व फिंगर प्रिंट ले गयी थी। उसके बाद भी अब तक उसका कोई रिपोर्ट नहीं आ सका है। वहीं घटना के सात दिन बाद डॉग स्क्वायड की टीम आयी थी। जब तक डॉग स्क्वायड की टीम आती तब तक देर हो जाने के कारण घर मालिक ने सारा सामान बटोर दिया था। उसके बाद टीम के सदस्य लौट गये। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की घटना कभी भी गांव में नहीं हुई थी। लोग अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ कहीं भी चले जाते थे। घटना के बाद से लोगों के जेहन में एक डर समा गया है। लोगों ने यह भी बताया कि गांव में साइबर ठगों की भी जमात एक्टिव है। यहां पर साइबर क्राइम करने के लिए दूसरे गांव से लड़के भी आते हैं। पूरे दिन गांव में रहकर ठगी का धंधा चलाते हैं। इसके बाद भी पुलिस अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। ग्रामीणों ने जिला के वरीय अधिकारियों से चोरी की इस घटना का खुलासा करने की मांग की है ताकि लोगों का पुलिस व प्रशासन और कानून पर विश्वास बना रह सके।




# चेरो बाजार के पानी टंकी के पास से चेरो ओपी थाना पुलिस ने 7.6 लीटर शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**केशववाणी हरनौत(नालंदा)।** हरनौत के चेरो ओपी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चेरो बाजार के पानी टंकी के पास से चुलाई हुई शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। चेरो ओपी थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चेरो बाजार के पानी टंकी के पास से स्वर्गीय सिया यादव के पुत्र बिचली यादव को 7.6 लीटर देशी चुलाई हुई शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद थाना में केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

